तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज लालदीन बनाम लो.सू.अ.(तहसीलदार बाप) सू.अ.अ. अपील संख्या 240 / 2020	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
05.01.21	अपीलार्थी लालदीन पुत्र अमीरदीन जाति सिन्धी मुसलमान निवासी गांव मोरो तहसील फलोदी जिला जोधपुर हाल पता वीर दुर्गादास कॉलानी, मसूरीया, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 17.10.20 में उसके द्वारा (1) ग्राम देगावड़ी नया गांव बागड़ा (ग्राम पंचायत देगावड़ी) तहसील बाप जिला जोधपुर में खसरा नं. 53 रकबा 424 बीघा 9 बिस्वा म्यूटेशन नं. 15, 19, व 20 इन सबकी नकल जी जावे व अन्य बिन्दु, से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार बाप) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार बाप) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.(तहसीलदार बाप) से आदिनांक तक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार बाप) को निर्देशित किया जाता है कि उनके कार्यालय से संबंधित सूचना अपीलार्थी को 15 दिवस में उपलब्ध करावे, अन्यथा सूचना नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जाय। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	